# जो कुछ आपके पास है उसका उपयोग कीजिए ( 9:32-43 )

सरसी में आए हमें अधिक समय नहीं हुआ था, कि मैं और मेरी पत्नी घर के लिए कालीन लेने, एक दुकान में गए। दुकानदार ने हमें बताया कि उसने कई वर्षों तक सुसमाचार का प्रचार किया था। जब वह ऑर्डर लिखने लगा, तो उसने मेरा नाम पूछा। जब मैंने कहा, ''डेविड रोपर,'' तो वह रुक गया, यह नाम उसे पहले कहीं सुना हुआ लगा। ''हं ...,'' उसने कहा, ''एक डेविड रोपर हुआ करता था जो बड़ी किताबें लिखता था ...।'' मुझे यह सुनकर धक्का लगा कि मैं ''हुआ करता था''!

प्रेरितों के काम के अपने अध्ययन में हो सकता है कि हम यह कहने के लिए बहक जाएं कि ''पतरस नाम का एक प्रेरित *हुआ करता था,* जो बहुत सक्रिय था।''[1] अध्याय 5 में हमें पतरस की केवल थोड़ी सी झलक ही मिली थी,[2] जब वह और यूहन्ना अध्याय 8 में सामरिया में आये थे। अध्याय 6 और 7 में, वृत्तांत का मुख्य पात्र स्तिफनुस था, और अध्याय 8 में फिलिप्पुस। अब तक अध्याय 9 में, शाऊल के मनपरिवर्तन और आरम्भिक सेवकाई पर ज़ोर दिया गया है। 9:32 पर आकर हम पुन: पतरस पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हैं।

32 से 43 आयतों में पतरस की प्रेरिताई और सेवकाई की अति महत्वपूर्ण घटनाओं का आरम्भ है: अन्यजातियों में सुसमाचार का पहली बार प्रचार करना। अध्याय 10 में कुरनेलियुस से, जो कैसरिया में रहता था, ''याफा में मनुष्य भेजकर शमौन को, जो पतरस कहलाता है, को बुलवा'' लेने के लिए कहा जाएगा (पद 5)। पतरस याफा में क्या कर रहा था? वह याफा में इसलिए रुका था क्योंकि दोरकास की मृत्यु पर भाइयों ने उसे लुद्दा से बुला लिया था। पतरस लुद्दा में क्यों था? वह लुद्दा में इसलिए था क्योंकि वह प्रचार करने, शिक्षा देने और भाइयों को स्थिर करने के लिए सारे फलस्तीन में घूम रहा था। यहां से हम अपने पाठ की पहली आयत की ओर बढ़ते हैं। स्वाभाविक ही 9:32-43 में हर एक घटना अगली घटना से जुड़ती है और अध्याय 10 के लिए मंच तैयार करती है।

अध्याय 9 की समाप्ति कुरनेलियुस के मनपरिवर्तन की ओर ले जाती है, इसलिए हो सकता है कि हम अध्याय 10 में जाने के लिए इसमें से होकर जाने के प्रलोभन में आ जाएं। परन्तु मुझे इस पद में अगले पाठ की तैयारी से कुछ अधिक दिखाई देता है। इन आयतों

में, हमें प्रारम्भिक कलीसिया के काम की एक झलक मिलती है, कि कैसे मण्डलियों ने लीक से हटकर अपने विश्वास को दूसरों तक पहुंचाया। फिर, और निकट से देखने पर, एक और विचार मुझे झकझोरता है: ये आयतें मसीहियों के बारे में बताती हैं कि प्रभु के लिए *जो कुछ उनके पास है, उसका कैसे उपयोग कर सकते हैं*। मैं आपको बताता हूं कि मेरे कहने का क्या अर्थ है।

## पतरस के पास जो कुछ था, उसने इस्तेमाल किया (9:32-35)

किसी ने 9:32–11:18 को ''पतरस के काम'' कहा है। शास्त्र से हमारा भाग अर्थात, 9:32–43, आरम्भ होता है, ''और ऐसा हुआ कि पतरस हर जगह फिरता हुआ,[3] उन पवित्र लोगों के पास भी पहुंचा, जो लुद्दा में रहते थे।'' आम तौर पर हम ''मिशनरी यात्रा'' शब्द को पौलुस के साथ जोड़ते हैं, परन्तु प्रेरितों के काम में मिशनरी यात्राएं दूसरों ने कीं।[4] सुसमाचार प्रचारक फिलिप्पुस ने सामरिया के दक्षिण में, गाज़ा के मार्ग के दक्षिण में, अशदोद के दक्षिण–पश्चिम में और फिर कैसरिया के उत्तरी तट की मिशनरी यात्रा की।[5] पतरस और यूहन्ना ने पहले सामरिया से होते हुए मिशनरी यात्रा की थी।[6] अब पतरस फलस्तीन (आयत 32 में ''हर जगह'' पिछली आयत में उल्लेखित क्षेत्रों अर्थात यहूदिया, सामरिया, और गलील की बात है) की मिशनरी यात्रा कर रहा था।

पतरस उसका इस्तेमाल कर रहा था जो उसके पास था। उसे प्रभु को जानने और जी उठने के गवाह होने के अवसर दिए गए थे। उसमें आत्मा की प्रेरणा से बोलने और चंगा करने की योग्यताएं थीं। उसने यह यात्रा उस सब का इस्तेमाल करने के लिए की जो वह प्रभु के लिए कर सकता था और उसे करना चाहिए था। वह भाइयों को दृढ़[7] और खोए हुओं का उद्धार करना चाहता था।[8]

''पतरस हर जगह फिरता हुआ, उन पवित्र लोगों के पास भी पहुंचा, जो लुद्दा में रहते थे'' (आयत 32ख)। लुद्दा यरूशलेम से लगभग 26 मील दूर उत्तर–पश्चिम की ओर एक गांव था, जो यहूदिया की पहाड़ियों के नीचे उपजाऊ मैदान में स्थित था।[9] पतरस लुद्दा में ''पहुंचा,'' इसलिए हो सकता है कि वह वहां यरूशलेम से होता हुआ गया हो। लुद्दा पहुंचने पर उसे पवित्र लोग मिले जो वहां रहते थे। मसीहियों को सम्बोधित करने के लिए ''पवित्र लोग'' शब्द का इस्तेमाल किया गया है।[10] इन पवित्र लोगों में कुछ वे होंगे जो यरूशलेम से तितर–बितर हो गए थे (8:1, 4)। अन्यों को यरूशलेम से आने वाले उन मसीहियों ने परिवर्तित किया होगा जो ''सुसमाचार सुनाते हुए फिरे'' थे (8:4)। फिलिप्पुस ने और भी लोगों को परिवर्तित किया होगा जब वह अशदोद से कैसरिया को जाता हुआ ''नगर–नगर सुसमाचार सुनाता गया'' (8:40)।[11]

जब पतरस लुद्दा में पवित्र लोगों की सेवा कर रहा था, तो ''वहां उसे ऐनियास नामक झोले का मारा हुआ एक मनुष्य मिला''[12] (9:33ख)। डॉ. लूका ने इस व्यक्ति की बीमारी का निदान किया जो ''आठ वर्ष से[13] खाट पर पड़ा था'' (9:33ख)। आठ वर्ष पूर्व ऐनियास चलने, काम करने, और जीवन का आनन्द लेने के योग्य था। एक दिन वह बिस्तर से यह

आशा करते हुए उठा कि यह दिन भी अन्य दिनों के जैसा ही होगा। परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं था। पता नहीं क्या हुआ था। शायद किसी दुर्घटना से उसकी रीढ़ की हड्डी कुचली गई थी या शायद उसे किसी बीमारी ने जकड़ लिया था जिससे उसका स्नायुतन्त्र ख़राब हो गया था। कारण कुछ भी रहा हो, वह एक झोले का मारा हुआ अर्थात अपंग हो गया था। आठ वर्षों से, ऐनियास दूसरों की दया पर था।

पतरस का पहला लिखित आश्यर्चकर्म ''एक जन्म के लंगड़े को'' चंगा करना था (3:2)। अब इस प्रेरित के सामने वैसी ही एक चुनौती थी। वह हिचकिचाया नहीं। ''पतरस ने उसे कहा; हे ऐनियास! यीशु मसीह तुझे चंगा करता है; उठ, अपना, बिछौना बिछा''[14] (9:34क)। सामान्य की तरह, पतरस ने इसका श्रेय नहीं लिया। इस व्यक्ति को ''यीशु मसीह नासरी के नाम से ... भला चंगा'' किया गया था (4:10)। अपनी व्यक्तिगत सेवकाई के दौरान, यीशु ने एक झोले के मारे व्यक्ति को कहा था, ''उठ, अपनी खाट उठा, और अपने घर चला जा'' (मत्ती 9:6) और उस आदमी ने उसकी बात मानी थी! ऐनियास पहले से ही घर में था,[15] सो पतरस ने उसे केवल इतना कहा ''उठ, अपना बिछौना बिछा।''

किसी पिता ने एक बार दुखी होकर कहा, ''मैं चाहता हूं कि मेरे बच्चे प्रेरितों 9 में झोले के मारे उस आदमी के जैसे हो जाएं।'' फिर उसने बताया कि उसका यह कहने का क्या अर्थ है: ''हर सुबह, मैं अपने बच्चों से कहता हूं, 'उठो, अपने बिस्तर ठीक करो' पर कुछ नहीं होता!'' ध्यान रखें कि उन दिनों (जैसा कि आज भी कई देशों में सत्य है[16]), बिछौने रात को फर्श पर बिछाई गई चटाइयां होती थीं जिन्हें अगली सुबह समेटकर रख दिया जाता था।[17] ऐनियास का बिछौना आठ वर्ष तक समेटा नहीं गया था। वह इस पर दिन-रात वर्षों से लेटा हुआ था। पतरस ने उसे उठने, अपने पैरों पर खड़ा होने, और फिर उस बिछौने को एक तरफ रखने के लिए कहा जो उसके लिए लगभग एक दशक से कैद बन चुका था।

हमने ध्यान दिया कि, आज के तथाकथित ''चमत्कारों'' के विपरीत, बाइबल के आश्चर्यकर्म तुरन्त, सम्पूर्ण और निरुत्तर करने वाले थे। ऐनियास की चंगाई में कोई अपवाद नहीं था: ''तब वह *तुरन्त* उठ खड़ा हुआ'' (9:34ख)। ऐनियास को कितना अच्छा लगा होगा, और उस सारे क्षेत्र में कितनी उत्सुकता बढ़ गई होगी! ''और लुद्दा और शारोन के सब रहनेवालों ने उसे देखा'' (9:35क)। शारोन एक उपजाऊ मैदान था, जो अपने सुन्दर जंगली फूलों के लिए प्रसिद्ध (श्रेष्ठगीत 2:1) था और याफा से कैसरिया तक भूमध्य तट पर फैला था।[18] ऐनियास प्रसिद्ध व्यक्ति था, और क्षेत्र के सभी लोगों ने सुनकर कि उसके साथ क्या हुआ, आश्चर्य प्रकट किया था।

चमत्कारों का मुख्य उद्देश्य वचन को पक्का करना था (इब्रानियों 2:3, 4)। जब लुद्दा और आस पास के लोगों ने देखा कि ऐनियास चंगा होकर चल रहा था, तो उन्होंने ''प्रभु पर विश्वास किया'' (9:42)[19] और ''प्रभु की ओर फिरे'' (9:35ख)। पतरस ने ध्यान व्यक्ति (स्वयं) से मोड़कर शक्ति (यीशु)[20] की ओर कर सका था जिससे बहुत से लोग

मसीही बन गए! जब लोग उसका उपयोग करते हैं जो प्रभु के लिए उनके पास है, तो प्रभु उनके प्रयासों को आशीषित करता है!

## दो चेलों ने जो कुछ उनके पास था उसका उपयोग किया (9:26-38)

फिर दृश्य बदलकर 12 मील पश्चिम में, समुद्र तट के याफा नगर में चला जाता है।[21] सुलैमान के दिनों में, लबानोन से देवदार की लकड़ी सूर से नीचे याफा की ओर बहाकर यरूशलेम में मन्दिर निर्माण के लिए भेजी जाती थी। (2 इतिहास 2:16)। योना नबी तर्शीश को जाने के लिए याफा से ही जहाज़ पर बैठा था (योना 1:3)। याफा में, अब प्रभु की कलीसिया थी, जो सम्भवत: लुद्दा की कलीसिया के साथ ही आरम्भ हुई थी। हमारी रुचि याफा की मण्डली के एक सदस्य में है: ''याफा में तबीता[22] अर्थात दोरकास (उसके नाम का यूनानी अनुवाद) नामक एक विश्वासिनी रहती थी, वह बहुतेरे भले-भले काम और दान किया करती थी'' (9:36)। ''तबीता'' उसका अरामी नाम था। ''तबीता'' और ''दोरकास'' दोनों का अर्थ है ''चिंकारा''[23]। चिंकारा हिरण जाति का अति सुन्दर और मनोहर प्राणी है। एफ. एफ. ब्रूस ने आयत 36 के अन्तिम भाग का अनुवाद किया, ''वह अपना सारा समय भले कामों और दया करने में बिताती थी।''

तबीता को मण्डली और समाज के लोग पसन्द करते थे और उसकी प्रशंसा की जाती थी, परन्तु ''उन्हीं दिनों में वह बीमार होकर मर गई''[24] (आयत 37क)। भले लोग भी वैसे ही मरते हैं जैसे बुरे लोग (इब्रानियों 9:27)। एक दर्जन या इससे अधिक वर्ष पूर्व कलीसिया की स्थापना के समय से मसीह की देह के अनेक सदस्य मर चुके होंगे, परन्तु एक मसीही की स्वाभाविक मृत्यु का यह पहला वृत्तांत है।[25] हम पढ़ते हैं, ''और उन्होंने उसे नहलाकर अटारी पर रख दिया'' (आयत 37ख)। यरूशलेम में, शव को मृत्यु के दिन ही दफ़नाया जाता था, परन्तु हो सकता है गांवों में ऐसा न होता हो।[26] किसी भी तरह, उन्होंने उसके शव को दफ़नाने के लिए तैयार किया[27] और उसे ऊपरी कमरे में रखा, जहां उसे जानने वाले आकर रो सकते थे।[28]

जब यह सब हो रहा था, तो याफा में पता चला कि पतरस लुद्दा से केवल बारह मील दूर है। हो सकता है कि यह पता भी चला हो कि उसने ऐनियास को चंगा किया था। भाइयों ने पतरस को बुलाने का फैसला किया। ''और इसलिए कि लुद्दा याफा के निकट था, चेलों ने यह सुनकर कि पतरस वहां है दो मनुष्य भेजकर उस से बिनती की कि हमारे पास आने में देर न कर'' (9:38)।

मेरी इच्छा है कि मैं आपको बता दूं कि चेलों ने पतरस को क्यों बुलाया। वाक्यांश ''आने में देर न कर'' का अर्थ सम्भवत: यह है कि वे चाहते थे कि वह दोरकास को दफ़नाने से पहले याफा पहुंच जाए[29] परन्तु यह नहीं बताता कि वे उसे दफ़नाने से पहले *क्यों* बुलाना चाहते थे। ऐसा नहीं लगता कि शायद वे चाहते हों कि वह दोरकास को मुर्दों में से जिला दे। जहां तक वचन बताता है, प्रेरितों ने किसी को मुर्दों में से नहीं जिलाया

था।[30] स्तिफनुस को भी नहीं जिलाया गया था, सो उनके लिए यह अपेक्षा करने का कोई कारण नहीं था कि दोरकास को जिलाया जाए। दूसरी ओर, यह कहना ओछा लगता है कि उन्होंने उसे जल्दी करने की बिनती की ताकि वह आकर जनाज़े पर प्रचार कर सके! शायद वे चाहते थे कि पतरस शोक कर रही भीड़ को आकर तसल्ली दे। चेलों का उद्देश्य कुछ भी रहा हो, लोगों ने उससे जल्दी आने की बिनती की ताकि ''जो कुछ उसके पास था उससे जो कुछ वह कर सकता था, करे।''

एक पल के लिए, मैं प्रकाश बिन्दु से हटकर उन दो मनुष्यों की ओर ध्यान देना चाहता हूं जो पतरस के पास गए। ''... चेलों ने ... दो मनुष्य भेजकर उससे बिनती की।'' इन मनुष्यों के पास ऐसा कुछ नहीं था अर्थात जो पतरस के पास था। जो कुछ वे पतरस से करवाना चाहते थे, वह कुछ ऐसा था जिसे वे स्वयं नहीं कर सकते थे।[31] दूसरी ओर, उनके पास भी *कुछ* था जिसे वे प्रभु के लिए इस्तेमाल कर सकते थे। उनमें से हर एक के पास दो टांगें और एक मुंह था। वे पतरस के पास जाने के लिए और उससे आने की बिनती करने के लिए इनका इस्तेमाल कर सकते थे।

हम में से कई लोग, प्रभु के लिए बड़े काम न कर पाने के कारण कुछ नहीं करते। यदि हमें लगता है कि यदि हम पतरस की तरह नहीं बने, तो हमें कौन पहचानेगा। इन दो अनाम चेलों से सीखिए। परमेश्वर ने हम में से हर एक को अपने काम के लिए कुछ न कुछ दिया है। हम में से अधिकांश लोग किसी मित्र के घर जाने के लिए अपनी टांगों का इस्तेमाल कर सकते हैं और उस मित्र को यीशु के बारे में बताने के लिए अपने स्वर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि हम इन दो व्यक्तियों की तरह हैं और हमारे सामने कोई ऐसा काम है जिसे हम स्वयं नहीं कर सकते, तो हम अपनी टांगों और अपने स्वरों का उस काम को करने में किसी की सहायता लेने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं!

मुझे यह उल्लेख भी करना चाहिए कि अपनी शारीरिक योग्यताओं के अतिरिक्त इन दो व्यक्तियों में काम पूरा करने की विशेष योग्यता थी। जब उनसे प्रभु के लिए कुछ करने को कहा गया, तो वे इसे करने के लिए पूरी तरह समर्पित हो गए। बताए गए काम को करने के इच्छुक लोग बहुत ही कम मिलते हैं और मण्डली के भाग के रूप में ऐसे लोगों को पाकर कलीसिया के अगुवे रोमांचित हो जाते हैं। यदि किसी भी यीशु ने सबसे अधिक प्रशंसा की तो वह, वह और थी जिसने ''*जो कुछ वह कर सकी,* ... किया'' (मरकुस 14:8)।

एक बार फिर, इन लोगों ने जो कुछ कर सकते थे, किया। परमेश्वर ने उनके प्रयासों में आशीष दी: ''तब पतरस उठकर उनके साथ हो लिया'' (आयत 39क)। यदि मसीह की देह का हर एक अंग अपने का इस्तेमाल प्रभु के लिए करता या करती है तो बिना इस भेदभाव के कि वे गुणा कितना बड़ा या छोटा होगा, बहुत आश्चर्यजनक प्राप्तियां होंगी!

## दोरकास के पास जो कुछ था उसने उसका उपयोग किया (9:36, 39-42)

कई घण्टे चलने के बाद, वे दो पुरुष और पतरस उस घर में आये जहां दोरकास का

शव रखा हुआ था। ''और जब [पतरस] पहुंच गया, तो वे उसे उस अटारी पर ले गए'' (आयत 39ख)। कमरा उन लोगों से खचाखच भरा हुआ था जिन्हें उसके द्वारा किए गए उन कामों से लाभ मिलता था, जो ''भले भले काम और दान [वह] किया करती थी'' (आयत 36)। ''और सब विधवाएं[32] रोती हुईं[33] उसके पास आ खड़ी हुईं। और जो कुरते और कपड़े[34] दोरकास ने उन के साथ रहते हुए बनाए थे, दिखाने लगीं'' (आयत 39ग)। मूल में प्रयुक्त शब्द का अर्थ हो सकता है कि उन्होंने वे कपड़े *पहने हुए* थे जो उसने उनके लिए बनाए थे। मैं उन्हें वे कपड़े दिखाते हुए और पतरस को यह बताते हुए सुन सकता हूं, ''उसने यह बनाया ... यह भी बनाया ... और यह भी!''

हो सकता है कि दोरकास बहुगुणी औरत न हो। वह तर्क दे सकती थी, ''मेरे पास करने के लिए कुछ नहीं, इसलिए मैं कुछ नहीं कर सकती।'' तथापि जितने स्रोत उसके पास थे, उसने प्रभु के लिए उनका उपयोग किया। उसके पास एक सुई, कुछ सामग्री, कुछ धागा, और सिलाई करने का ज्ञान था। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण, उसका स्वभाव था जो हम में से हर एक का होना चाहिए। आयत 38 और 39 में वर्णित दो पुरुषों में वह सब करने की विशेष योग्यता थी जो उन्हें करने के लिए कहा गया, परन्तु दोरकास में उनसे भी बढ़कर गुण था। उसने वह काम किया जो किसी के कहे बिना किया जाना चाहिए! दोरकास का हृदय भावुक और करुणा से मरा था। उसने अपने आस-पास देखा कि किसे कपड़ों की आवश्यकता है। उस समाज में, एक विधवा, जिसका कमाने वाला और रक्षा करने वाला खो जाता था, सबसे अधिक असुरक्षित होती थी। दोरकास ने उसका उपयोग किया जो वह कर सकती थी अर्थात वह विधवाओं तथा अन्य ज़रूरतमंदों के लिए सिलाई करने लगी।[35]

जहां तक हम जानते हैं, दोरकास ने किसी क्लास में विधवाओं अथवा अपने साथियों को शिक्षा नहीं दी, कोई आश्चर्यकर्म नहीं किया, किसी ''महत्वपूर्ण परियोजना'' को अपने हाथ में नहीं लिया। यदि आप याफा की मण्डली में जाते, तो वह आपको कभी आराम से बैठी नहीं मिलती। यदि आप उसकी सेवकाई के बारे में पूछते, तो सम्भवत: वह कंधों को उचकाती और कहती, ''मैं कुछ कपड़े सिल लेती हूं।'' परन्तु, सम्भवत: लम्बे समय से याफा में किसी के मरने पर इतने आंसू नहीं बहे होंगे जितने दोरकास की मृत्यु पर बहे।

दूसरों की सहायता करने के द्वारा मसीहियों द्वारा मसीह के आत्मा को दिखाने को कई बार हम कम महत्व देते हैं। पौलुस ने लिखा, ''इसलिए जहां तक अवसर मिले हम सबके साथ भलाई करें, ...'' (गलतियों 6:10)। ''शुद्ध और निर्मल भक्ति'' की परिभाषा देते हुए याकूब ने कहा कि यह ''अनाथों और विधवाओं के कलेश में उनकी सुधि'' लेना[36] है (याकूब 1:27)। इस प्रकार के काम के दूरगामी प्रभाव को दोरकास की कहानी के चित्रण में देखा जाता है। उसकी कहानी बताने के लिए केवल सात आयतों की ही आवश्यकता है, परन्तु वे सात आयतें युगों-युगों से लाखों लोगों को निर्धनों की सहायता करने के लिए अपने गुणों का इस्तेमाल करने की प्रेरणा देती आ रही हैं![37] यह आश्चर्यजनक है कि जब हम जो कुछ हमारे पास है उसका उपयोग करने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, करते

हैं तो परमेश्वर कैसे हमारे प्रयासों को बढ़ाता है!

क्या आपको कभी ऐसा लगता है कि आप यीशु के लिए कुछ नहीं कर सकते? क्या आप सिलाई कर सकते हैं? क्या आप खाना बना सकते हैं? क्या आप बर्तन साफ़ कर सकते हैं? क्या आप फ़र्श साफ़ कर सकते हैं? क्या आप मरम्मत कर सकते हैं? क्या आप घास काट सकते हैं? क्या आप किसी को सड़क पार करवा सकते हैं? क्या आप किसी दुखी के कंधों पर अपना हाथ रख सकते हैं? क्या आप किसी बीमार के पास बैठ सकते हैं? क्या आप प्यासे को ठण्डे पानी का एक गिलास दे सकते हैं? यीशु ने कहा, ''जो कोई इन छोटों में से एक को चेला जानकर केवल एक कटोरा ठण्डा पानी पिलाए, मैं तुम से सच कहता हूं, वह किसी रीति से अपना प्रतिफल न खोएगा'' (मत्ती 10:42)। जो कुछ भी आपके पास है, उसका उपयोग कीजिए अर्थात जो कुछ भी आप कर सकते हैं, करें। परमेश्वर आपके प्रयासों को आशीष देगा!

पतरस के लिए समय आ गया था कि जो कुछ उसके पास है, उसका उपयोग करे अर्थात वह दोरकास को जिलाए। मैं नहीं जानता कि उसने दोरकास को जिलाने का फैसला क्यों किया। वह एक भली औरत थी, परन्तु उससे पहले भी कई भले लोग मरे थे और उनको जिलाया नहीं गया था। हम इतना ही कह सकते हैं कि इससे उस अवसर पर दोरकास को जिलाने का परमेश्वर का उद्देश्य पूरा हुआ। किसी ने कहा है:

> आश्चर्य होता है कि केवल दोरकास मृतकों में से जी उठी, परन्तु स्तिफनुस (7:59) या याकूब (12:2) क्यों नहीं। ईश्वरीय कारण कोई भी हो वे परमेश्वर की महिमा के लिए ही थे। शायद यह प्रश्न इसलिए उठता है क्योंकि हम शारीरिक मृत्यु से इतने घिरे हुए हैं और यीशु के पुनरुत्थान के द्वारा इस पर विजय को बहुत कम मानते हैं।

जहां तक हम जानते हैं, यह पहला अवसर था जब किसी प्रेरित ने मृतकों में से किसी को जिलाया था। पतरस को यह कैसे ज्ञात हुआ कि यह कैसे करना है? उसके पास ''मुर्दे को कैसे जिलाएं'' पर कोई नियमावली तो थी नहीं, परन्तु उसे यीशु द्वारा मुर्दों को जिलाना याद था।[38] यीशु द्वारा याईर की बेटी को ज़िन्दा करने (मरकुस 5:21-43; लूका 8:40-56) और पतरस के दोरकास को ज़िन्दा करने की समानताएं संयोग हैं।[39] मैं पतरस को यह सोचते हुए कल्पना कर सकता हूं, ''यीशु ने पहले क्या किया? हां। उसने लोगों को कमरे से बाहर भेज दिया।''[40] सो ''पतरस ने सब को बाहर कर दिया'' (आयत 40क)। जब सभी लोग बाहर चले गए तो, पतरस ने ''घुटने टेककर प्रार्थना की'' (आयत 40ख)। यीशु ने प्रार्थना के लिए घुटने नहीं टेके थे! किन्तु यीशु तो सामर्थ *था,* जबकि पतरस सामर्थ *ढूंढ रहा* था। अपने पैरों पर खड़े होकर, पतरस ने ध्यान किया कि यीशु ने आगे क्या किया। ''याद आया उसने कहा था 'तलीता कूमी!' (अर्थात 'हे छोटी लड़की, उठ!')'' (मरकुस 5:41; लूका 8:54)। पतरस ने लाश की ओर मुड़कर कहा, ''हे तबीता उठ'' (आयत 40ग)। (''छोटी लड़की'' के लिए अरामी शब्द [तलीता]

और ''तबीता'' में केवल एक ही अक्षर का अन्तर है।''[41])

जब यीशु ने कहा, ''हे लड़की, उठ,'' तो वह ''लड़की तुरन्त उठ कर चलने-फिरने लगी थी'' (मरकुस 5:42; लूका 8:55)। इसी प्रकार, दोरकास ''ने अपनी आंखें खोल दीं; और पतरस को देखकर उठ बैठी'' (आयत 40घ)।[42] यीशु ने छोटी लड़की को हाथ से उठाया था (मरकुस 5:41; लूका 8:54), और पतरस ने ''[दोरकास को] हाथ देकर उठाया'' (आयत 41क)। जब ''पवित्र लोगों और विधवाओं[43] को बुलाकर उसे जीवित और जागृत दिखा दिया'' (आयत 41ख) तो पतरस सम्भवत: हर एक के पास जाकर खुशी से ज़ोर-ज़ोर से हंस रहा होगा।

घटनाओं की इस शृंखला को जे. डब्ल्यू. मैक्गार्वे ने इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया:

> अधिकार के स्वर में, और कोमलता से, ऐसे स्वर से जो मृतकों को सुनाई दे सकें, [पतरस] ठण्डी लाश से कहता है, ''हे तबीता, उठ।'' उसकी आंखें खुल जाती हैं, और वह पतरस को देखती है। वह उसे पहचानती है, क्या वह उसके लिए अजनबी है? हम नहीं जानते। वह उठकर बैठती है, और उसके मुंह की ओर देखती है। उन दोनों में कोई और बात नहीं होती; परन्तु वह धीरे-धीरे अपना हाथ उसे पकड़ाता है, और उसे पांवों पर खड़ा होने में सहायता करता है। वह पवित्र लोगों और विधवाओं को अन्दर बुलाता है और अपने सफ़ेद कफ़न में वह उनके सामने जीवित खड़ी हो जाती है ... [पतरस] उन रोने वालों के साथ रोने के लिए आया था; अब वह आनन्द करने वालों के साथ आनन्द करने लगा।

यहां तक, हर एक मसीही की मृत्यु में परमेश्वर की संतान के लिए एक विशेष सबक है। प्रेरितों 5 में हनन्याह और सफीरा की मृत्यु ने हम पर इस संदेश का प्रभाव डाला कि परमेश्वर से ठट्ठा नहीं हो सकेगा! जब स्तिफनुस मारा गया तो विशेष दर्शन ने यह ज़ोर दिया कि प्रभु जानता है कि उसके संत कब उत्पीड़ित होते हैं और वह उन्हें महिमा देता है। दोरकास की मृत्यु और उसके बाद उसका जी उठना हमें याद दिलाता है कि यदि हम अपनी बुलाहट में विश्वासी हैं, तो एक दिन हम भी, सदाकाल के लिए परमेश्वर के साथ जीवित किए जाएंगे (1 कुरिन्थियों 15:20, 35-38, 42-44, 51-55, 57)।

इससे पहले कि हम दोरकास की कहानी को समाप्त करें, तीन तथ्यों पर ज़ोर दिया जाना चाहिए: पहला, पतरस के लिए दोरकास को जिलाना ऐनियास को चंगा करने से कठिन नहीं था। ऐनियास को चंगा करने के बारे में बताने (आयत 34) और दोरकास को जिलाने के बारे में बताने के लिए एक-एक आयत लगी (आयत 40)। आस पास के समाज में प्रभाव एक जैसा था (आयतें 35, 42)।

> ... मृतकों को जिलाने के लिए परमेश्वर की ओर से आंखें खोलने से अधिक शक्ति नहीं लगती। नये नियम में बड़े, मध्यम-आकार और छोटे आश्चर्यकर्म नहीं हैं। पहली सदी में जितने काम हुए, उनको एक ही शीर्षक से वर्गीकृत किया गया, वे

आश्चर्यकर्म हैं! यदि मनुष्यों में आज वह शक्ति होती जो उस समय उनमें थी, तो वे आज वही कर सकते थे जो उन्होंने तब किया था।

वर्षों से, मसीह की कलीसिया के सुसमाचार प्रचारकों ने, उनको जो कहते हैं कि उनके पास अद्‌भुत कार्य करने की शक्ति है, यह चुनौती दी है कि ''हमारे साथ कब्रिस्तान में आइए। आप एक मुर्दे को जिलाइए, हम दो को जिलाएंगे!''[44] कई बार यह दावा किया जाता है, ''सुना है कि कहीं दूर स्थान पर कोई मुर्दा जी उठा,'' परन्तु दावा हमेशा अस्पष्ट और ऐसा होता है जिसकी प्रामाणिकता सिद्ध नहीं की जा सकती।

प्रेरितों के काम की पुस्तक में मेरे शिक्षक, जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स ने दोरकास को जिलाने की नकल करने की कोशिश करने के बारे में बताया। एक घुमक्कड़ सुसमाचार प्रचारक ने घोषणा की कि उसमें अद्‌भुत कार्य करने की शक्तियां हैं और वह उनका प्रदर्शन करेगा। एक ताबूत खोला गया, जिसमें एक पीला पड़ चुका शव दिखाई दे रहा था। प्रचारक ने घोषणा की, ''यह आदमी तीन दिन पहले मरा था, परन्तु मैं इसे जिला दूंगा!'' एक अविश्वासी उस ताबूत के पास चलकर आया, ताबूत में पड़े आदमी की ओर बन्दूक करके कहने लगा, ''किसी मुर्दे को गोली मारने के विरुद्ध कोई कानून नहीं है न?'' वह ''शव'' ताबूत में से उछलकर भाग गया।

दूसरा, ध्यान दें कि दोरकास को चंगा होने का कोई विश्वास नहीं था। जब तथाकथित ''विश्वास से चंगाई देने वाले'' असफल हो जाते हैं, तो वे निरपवाद रूप में दोष चंगाई पाने वाले का निकालते हैं: ''उसका पूरा विश्वास नहीं था।'' परन्तु, नये नियम के समय चंगाई के लिए विश्वास कोई आवश्यक शर्त नहीं थी।[45] मरने के बाद, दोरकास को कोई विश्वास नहीं था कि पतरस उसे जिला देगा और उसे फिर से जीवन मिल जाएगा।

तीसरा और अति महत्वपूर्ण, दोरकास को जीवित करना कहानी का चरम नहीं था। आश्चर्यकर्म अपने आप में कभी भी मंज़िल नहीं थे, बल्कि मंज़िल के लिए एक साधन थे। प्रेरितों 9 के अन्त में उत्साह भरा समाचार यह नहीं था कि ऐनियास चंगा हो गया या दोरकास जी उठी, बल्कि यह था कि आत्माएं बचाई गईं! यह बात कि दोरकास जी उठी थी, ''सारे याफा में फैल गई और बहुतेरों ने प्रभु पर विश्वास किया'' (आयत 42)।[46] आत्मिक रूप से मृतकों को जीवित करना शारीरिक मुर्दों को जीवित करने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है! उद्धार आश्चर्यकर्म से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि ''उद्धार के लिए सबसे बड़ा मूल्य चुकाया जाता है, ... इससे सबसे बड़े प्रतिफल मिलते हैं , और ... इससे परमेश्वर को सबसे अधिक महिमा मिलती है।''

## चमड़े का व्यवसाय करने वाले व्यक्ति के पास जो कुछ था उसने उसका उपयोग किया (9:43)

समाज के स्वीकारात्मक उत्तर से पतरस याफा में ठहरकर आत्माओं की फसल काटने के लिए उत्साहित हो गया। इसलिए, लूका ने अध्याय को समाप्त किया, ''और पतरस याफा

में शमौन नामक किसी चमड़े का धन्धा करने वाले के यहां बहुत दिन तक रहा'' (आयत 43)। लूका ने अगले अध्याय में कुरनेलियस को निर्देश के लिए पतरस के सम्बोधन की तैयारी के विषय में बताया: ''... याफा में मनुष्य भेजकर शमौन को, जो पतरस कहलाता है, बुलवा ले। वह शमौन चमड़े का धन्धा करने वाले के यहां पाहुन है, जिसका घर समुद्र के किनारे है'' (10:5, 6)।

यदि शमौन का कारखाना उसके निवास के कमरों के निकट था, जैसा कि आम तौर पर होता था, तो शमौन का घर समुद्र के किनारे ही होगा क्योंकि वह चमड़े की शोध प्रक्रिया के लिए समुद्र के पानी का इस्तेमाल करता था या क्योंकि खालों को रंगना एक *बदबूदार* प्रक्रिया है।[47] तथापि, हो सकता है कि लूका प्रेरितों 10 और 11 की घटनाओं की तैयारी में कुछ अधिक ही कह रहा हो। शमौन का घर समुद्र के किनारे दूसरे घरों से अलग होगा, क्योंकि दूसरे यहूदी उसके निकट नहीं रहना चाहते थे।[48] अधिकतर यहूदी चमड़े के धन्धे को व्यवसाय नहीं मानते थे। पशुओं की चमड़ी से चर्मकार का काम उसके काम को धार्मिक रूप से अशुद्ध व्यवसाय बना देता था (देखिए लैव्यव्यवस्था 11:35-40)। इसके अतिरिक्त, अधिकांश यहूदी सपने में भी किसी चर्मकार *का अतिथि नहीं बनना* चाहते थे। जब कि शमौन एक चर्मकार होने के बावजूद भी एक मसीही के रूप में स्वीकृत हो सकता था।[49] इस तथ्य के साथ कि पतरस उसके घर में ठहरने का इच्छुक था, शायद अगले दो पाठों में दिखाए इतिहास को बदलने के व्यवहार के लिए एक बदलाव था।

इससे पहले कि हम अध्याय 9 से आगे बढ़ें, आइए ध्यान दें कि यह किस प्रकार हमारे पाठ की मुख्य बात को चित्रित करता है। इस प्रकार के एक दृश्य की कल्पना करें: दोरकास के जी उठने के बाद, पतरस उस जश्न को देखने के लिए एक ओर खड़ा हो गया, चकित था कि वह रात कहां बिताएगा। अन्त में, मैले कपड़ों में पुराने चमड़े के रंग की त्वचा वाला एक आदमी,[50] हिचकिचाता हुआ उसके पास आया और कहने लगा, ''यदि आज रात आप कहीं और नहीं ठहर रहे, तो मेरे पास एक अतिरिक्त कमरा है।'' परन्तु इससे पहले कि पतरस उत्तर देता, उसने जल्दी से कहा, ''यदि आप नहीं आते तो मैं बुरा नहीं कानूंगा। मैं एक चर्मकार हूं और मेरा घर नगर से बाहर समुद्र के किनारे है।'' पतरस ने मुस्कुराकर कहा, ''मैं एक मछुआरा था। मुझे समुद्र *अच्छा लगता* है। आप का अतिथि बनकर मुझे प्रसन्नता होगी!'' इस प्रकार वह उसके साथ ''कई दिन रहा।''

शमौन ने सहजता से कहा होगा, ''मेरे पास ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे मैं प्रभु के लिए इस्तेमाल कर सकूं।'' यदि उसे किसी ने याद दिलाया कि उसके पास एक घर है, तो उसने उत्तर दिया होगा, ''निश्चय ही तुम मज़ाक कर रहे हो। मेरे घर से तो बदबू आती है! वहां कौन ठहरना चाहेगा?'' तथापि, चर्मकार ने यह महसूस किया कि जो कुछ भी उसके पास था, चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो, परमेश्वर की ओर से एक दान था और उसके इस्तेमाल के लिए ही था। *अतिथि सत्कार*[51] के महत्व को जानते हुए, शमौन ने जो कुछ उसके पास कर सकने के लिए था, उसका उपयोग किया।

## सारांश

अन्त में, एक पल में मुझे अपने पाठ को समाप्त करने दें:

पहला, परमेश्वर ने हम में से हर एक को समय, ऊर्जा, योग्यताएं तथा सम्पत्तियां दी हैं। परमेश्वर के दान पतरस को दिए गए दानों की तरह शानदार हो सकते हैं; वे नम्र और अभिमानरहित हो सकते हैं, जैसे उन दो संदेशवाहकों अर्थात दोरकास, और शमौन को दिए गए थे। अति उत्तम अभ्यासों में से एक जिसमें आप शामिल हो सकते हैं, उसे देखने के लिए कि ''आपके पास क्या है'', की एक सूची बनाएं। शमौन चर्मकार को ध्यान में रखकर और एक बदबूदार घर, जंक खाई हुई कार, या किसी नीच व्यवसाय को सूची में डालना न भूलें!

दूसरा, परमेश्वर हमसे अपेक्षा करता है कि पतरस, दो पुरुषों, दोरकास, और शमौन की तरह जो कुछ हमारे पास कर सकने के लिए है, हम वह करें। यीशु द्वारा न्याय के दृष्टांतों में से एक में, उस व्यक्ति को जो अपनी योग्यता का उपयोग करने में असफल रहा, ''दुष्ट'' और ''आलसी'' दास कहा गया (मत्ती 25:26)!

तीसरा, यदि हमारे पास कुछ करने के लिए है और हम उसका उपयोग करते हैं, तो परमेश्वर हमारे प्रयासों में आशीष देगा जिस प्रकार उसने इस पाठ के लोगों के प्रयासों को दी। यदि मसीह की देह का हर एक अंग वह सब करता है जिसे वह कर सकता है तो हम देखेंगे कि सारा समाज प्रभु में विश्वास करके भरोसे के साथ आज्ञा मानने के लिए उसकी ओर लौटेगा![52]

## विज़ुअल-एड नोट्स

एक मुख्य वाक्यांश को बार-बार दोहराया गया है कि ''जो कुछ आप कर सकते हैं उसे करने के लिए जो आपके पास है, उसका उपयोग कीजिए।'' अपने सुनने वालों पर इस विचार का प्रभाव देने के लिए, इस वाक्यांश को एक बोर्ड पर लिख लें। जितनी बार आप पाठ में इस वाक्यांश पर आते हैं, बोर्ड को पकड़ें, और अपने सुनने वालों से अपने साथ ये शब्द कहलवाएं। पाठ के अन्त में ''और परमेश्वर तुम्हारे प्रयासों में आशीष देगा'' शब्द दिखाते हुए बोर्ड की घुमाएं (अथवा ढका हुआ भाग खोल दें)!

## प्रवचन नोट्स

9:32-43 पर ''वे प्रभु की ओर मुड़े'' शीर्षक द्वारा अपने प्रवचन में निक हैमिल्टन ने ज़ोर दिया कि (1) पतरस सामर्थ के लिए प्रभु की ओर मुड़ा, (2) चेले सांत्वना के लिए प्रभु की ओर मुड़े और (3) लोग उद्धार के लिए प्रभु की ओर मुड़े।

सी. ब्रूस वाइट ने अंग्रेज़ी के ''h'' के साथ आरम्भ करते हुए 9:32-43 को तीन शब्दों में संक्षिप्त किया: (1) Healing (चंगाई देना), (2) Helping (सहायता करना),

और (3) Heralding (संदेश सुनाना)।

नये नियम में बहुत सी घटनाएं ऊपरी कमरों में हुईं। ये घटनाएं ''ऊपरी कमरा'' में सबक के लिए एक आरम्भ हो सकती हैं: (1) भोज का ऊपरी कमरा (मरकुस 14:15; लूका 22:12); (2) इकट्ठे होने का ऊपरी कमरा (प्रेरितों 1:13); (3) सांत्वना का ऊपरी कमरा (प्रेरितों 9:37); (4) संचार का ऊपरी कमरा (प्रेरितों 20:8)। हम सभी को अपने जीवनों में ये ''ऊपरी कमरे बनाने'' चाहिए।

पादटिप्पणियां

[1]इस पाठ को आरम्भ करने के लिए कोई और व्यक्तिगत उदाहरण दिया जा सकता है, या इसे ''आप हैरान हो रहे होंगे कि पतरस का क्या हुआ'' जैसे शब्दों के साथ आरम्भ किया जा सकता है। [2]इसमें 5:2; 6:6; 8:1; और 9:27 में प्रेरितों के सामान्य उद्धरणों की गिनती नहीं है। [3]पतरस पिछली आयत में वर्णित शान्तिपूर्ण परिस्थितियों का लाभ उठा रहा होगा। [4]इस प्रकार की बहुत सी यात्राएं हो रही थीं। कइयों का उल्लेख केवल संक्षेप में है (8:1, 4; 11:19, 20); अधिकतर का बिल्कुल भी उल्लेख नहीं है। [5]प्रेरितों 8:5, 26, 40. पृष्ठ 126 पर मानचित्र देखिए। [6]तु. 8:25. पृष्ठ 126 पर मानचित्र देखिए। [7]यीशु ने पतरस को अपनी भेड़ों की रखवाली करने का आदेश दिया था (यूहन्ना 21:15-17)। पतरस जहां भी गया, वहां पहले ही मसीही मौजूद थे, तथ्य से यह संकेत मिलता है कि इस यात्रा का यही लक्ष्य था। इस प्रकार की यात्राओं के उदाहरणों के लिए, देखिए प्रेरितों 14:21-23; 15:36. [8]8:25 में वर्णित पूरे सामरिया में पतरस की आरम्भिक मिशनरी यात्रा के उद्देश्य पर ध्यान दीजिए। 9:35, 42 में इस यात्रा पर पतरस के काम के परिणामों पर भी ध्यान दीजिए। [9]''पृष्ठ 126 पर मानचित्र देखिए। लुद्दा, जिसे पुराने नियम में ''लोद'' कहा जाता था, निर्वासन से पहले और बाद में बिन्यामीनियों का एक नगर था (1 इतिहास 8:12; नहेमायाह 11:35)। [10]पृष्ठ 199 पर शब्दावली में देखिए ''पवित्र लोग''।

[11]याफा और लुद्दा नगर अशदोद और कैसरिया के बीच स्थित थे। [12]''ऐनियास'' एक यूनानी नाम है। वह एक हैलेनीवादी [जिन्हें हिन्दी बाइबल में यूनानी भाषा बोलने वाले यहूदी कहा गया है] यहूदी होगा। हमें नहीं मालूम कि वह मसीही था या नहीं। [13]मूल भाषा में इसका अर्थ ''क्योंकि वह आठ वर्ष का था'' हो सकता है परन्तु सम्भवत: इसका अर्थ ''आठ वर्ष से'' है। [14]''बिछौना'' शब्द अनुवादकों की ओर से जोड़ा गया है। मेरे इस प्रकार लिखे गए अनुवाद में ''कमर कस ले'' है। कुछ लेखकों का विचार है कि पतरस का अर्थ था कि ''उठ, और *मेज़* लगा'' (अर्थात, वह काम करना आरम्भ कर दे जो उसके *लिए* आठ वर्ष से किया जा रहा है)। तथापि शब्द का अनुवाद ''बिछौना'' ठीक ही लगता है। [15]यह इस तथ्य से माना जाता है कि पतरस ने उसे अपना बिछौना घर ले जाने के लिए नहीं कहा। [16]कुछ वर्ष पूर्व जब मैं जापान में था, तो हर सुबह मैं ''उठकर अपना बिछौना बिछाता था'' अर्थात मैं इसे इकट्ठा करके एक तरफ रख देता था। [17]NIV में ''उठ और अपनी चटाई सम्भाल'' है। [18]यह सम्भव है कि शारोन उस क्षेत्र में किसी गुमनाम गांव का नाम था, परन्तु शारोन के मैदान को सभी जानते थे। लूका ज़ोर दे रहा था कि *सारे क्षेत्र* ने सुन लिया कि क्या हुआ, जिससे याफा के भाई उसे दोरकास की मृत्यु पर बुलाने के लिए तत्पर हुए। [19]आयत 42 में शब्द ''प्रभु पर विश्वास किया'' स्पष्टत: आयत 35 में ''प्रभु की ओर फिरे'' शब्द के समान ही है। [20]उसने उन्हें एक ''कैफ़ा सम्प्रदाय'' आरम्भ करने से रोके रखा जैसा कि बाद में कुरिन्थुस में हुआ (1 कुरिन्थियों 1:12)।

[21]पृष्ठ 126 पर मानचित्र देखिए। याफा कभी दान के गोत्र का एक नगर था (यहोशू 19:46)। याफा आज तेल अवीव का एक उपनगर है। [22]पिन्तेकुस्त के दिन से अब तक तबीता दूसरी औरत है जिसका नाम प्रेरितों के काम पुस्तक में आया। पहली सफीरा थी (5:1)। दोनों में कितना अन्तर है! [23]कइयों का मानना है कि ''तबीता'' और ''दोरकास'' का अर्थ ''*छोटा* चिंकारा'' या ''मृग-शावक'' है। [24] कई लोगों का

अनुमान है कि वह दूसरों के लिए कपड़े बनाते हुए, अत्यधिक काम के कारण मरी, परन्तु कहानी में ऐसा कुछ नहीं बताया गया। [25]हमने पहले दो वृत्तांतों में अप्राकृतिक मौत के बारे में देखा था। हनन्याह और सफीरा को परमेश्वर द्वारा मारा गया, जबकि स्तिफनुस को यहूदियों की भीड़ ने मार दिया था। [26]यहूदी वैधानिक नियमों में दफ़नाने की विधियां दी गई थीं। ध्यान दें 5:6, 10. कइयों का विचार है कि देशीय ज़िलों में दफ़नाने के लिए तीन दिन तक प्रतीक्षा की जा सकती थी। [27]दफ़नाने की तैयारी के लिए शव को नहलाना और इसका मसालों के साथ अभिषेक करना शामिल था। केवल शव को नहलाने का ही उल्लेख है, इसलिए कई लोगों का अनुमान है कि वे शव को दफ़नाने के लिए तैयार *नहीं* कर रहे थे क्योंकि उन्हें पतरस से आशा थी कि वह दोरकास को जिला देगा। तथापि, सम्भवत: हमें ''उसे नहलाकर'' जैसे शब्दों को समझना चाहिए कि यह उसे दफ़नाने की प्रक्रिया का एक भाग थे। [28]अमेरिका में कई दिनों तक मृतक के घर में ''लाश को विश्राम के लिए'' रखा जाता था। आज भी कुछ देशों में यह प्रथा है। [29]वे जल्दी करना चाहते होंगे क्योंकि दुख और पीड़ा इतनी अधिक थी, परन्तु ''देर न कर'' जैसे शब्द इस विचार के साथ अधिक फिट बैठते हैं कि वे दोरकास को दफ़नाने के लिए मजबूर होने से पहले उसे वहां ले जाना चाहते थे। [30]यीशु ने कई लोगों को मृतकों में से जिलाया था, परन्तु अभी तक प्रेरितों ने किसी को नहीं जिलाया था। इस घटना के बाद एक प्रेरित द्वारा किसी को मृतकों में से जिलाने की 20:9-12 में एक और घटना दर्ज है।

[31]कई लोगों का दावा है कि नये नियम के समयों में सभी मसीहियों को आश्चर्यकर्म करने की शक्तियां प्राप्त थीं। अब तक के अपने अध्ययनों में हमने इसके विपरीत पर्याप्त प्रमाण देख लिए हैं, और वर्तमान उदाहरण इसकी पुष्टि करता है कि प्रेरितों के पास वह शक्ति थी जो कलीसिया के औसतन सदस्यों में नहीं थी। यदि पतरस के आने से पहले ऐनियास को दूसरे लोग चंगा कर पाते, तो निश्चय ही कर लेते। याफा के भाइयों को पतरस को बुलाने की आवश्यकता न पड़ती। [32]वह विधवाएं थीं, इसलिए कुछ लेखकों का मत है कि दोरकास स्वयं भी एक विधवा थी। हो सकता है हो; या न भी हो। मेरे माता-पिता ने वर्षों तक विधवाओं की सहायता की है, यद्यपि वे दोनों अभी तक जीवित हैं। अन्य लोगों का विचार है कि विधवाओं की उपस्थिति संकेत देती है कि वे निर्धनों के लिए सिलाई करने में दोरकास की सहकर्मी थीं। काफ़ी सम्भावना है, कि उन्हें दोरकास के प्रयासों से लाभ मिला था। [33]यह एक भावोत्तेजक दृश्य है। मैं कल्पना करता हूं कि पतरस के भी, यीशु की तरह ही, आंसू निकल आए (तु. यूहन्ना 11:35)। [34]अनुवादित यूनानी शब्द ''कुरते और कपड़े'' *भीतरी* और *बाहरी* वस्त्रों की ओर संकेत करता है। [35]शास्त्र में कुछ भी संकेत नहीं मिलता कि वह केवल विधवाओं के लिए सिलती थी। तथापि, विधवाएं, अपनी निर्धनता के कारण, जो कुछ उसने किया, उसकी सराहना करती थीं। [36]''सुधि लेना'' का अर्थ केवल ''जाकर देखना'' ही नहीं, बल्कि ''देखना कि क्या आवश्यकता है और फिर जो ज़रूरी है, वह करना'' है। [37]कालांतर में, ग्रेट ब्रिटेन, यू. एस. ए., तथा अन्य स्थानों पर महिलाओं ने निर्धनों के लिए कपड़े सिलने के लिए ''दोरकास सोसायटियां'' बनाई हैं। इस भले कार्य को करने के लिए इस प्रकार की ''सोसायटियों'' की आवश्यकता नहीं है, परन्तु आम तौर पर महिलाएं इस काम को करके आनन्दित होती हैं। [38]जब पतरस ने ऐनियास को चंगा किया, तो उसने ज़ोर दिया कि *चंगाई* यीशु ने की (9:34)। मुर्दों को जिलाने के लिए पतरस का यीशु के नमूने की जान बूझ कर नकल करना शायद उसी विचार पर ज़ोर देने के लिए हो। दोरकास को मुर्दों में से जिलाने वाला पतरस नहीं, बल्कि यीशु था! [39]एलिय्याह और एलीशा द्वारा मुर्दों को जिलाने की कहानियों में कुछ और रोचक समानताएं मिलती हैं (1 राजा 17:17-22; 2 राजा 4:32-35)। [40]मरकुस 5:40 लूका 8:51. सब को बाहर भेजने के यीशु और पतरस के उद्देश्य भिन्न थे। यीशु आश्चर्यकर्म को प्रचारित नहीं करना चाहता था (मरकुस 5:43; लूका 8:56)। दूसरी ओर, लोगों को पता लगने से पतरस को कोई कठिनाई नहीं थी (9:42)।

[41]यदि ''तबीता'' का अर्थ ''छोटा चिंकारा'' है जैसा कि कुछ लोग मानते हैं, तो समानता और भी अधिक है; यीशु ने कहा, ''हे छोटी *लड़की,* उठ,'' जबकि पतरस ने कहा, ''हे छोटे *चिंकारे,* उठ।'' [42]नये नियम के अन्य सभी आश्चर्यकर्मों की तरह, यह भी तत्कालिक, सम्पूर्ण, और निरूत्तर करने वाला था। [43]वाक्यांश ''पवित्र लोगों *और* विधवाओं'' का अर्थ ज़रूरी नहीं कि उन विधवाओं में कोई भी पवित्र (अथवा मसीही) नहीं थी। बल्कि कम से कम उनमें कई लोग मसीही नहीं थे। दोरकास ने सम्भवत: हर

एक की सहायता की, चाहे वह मसीही था या गैर मसीही (गलतियों 6:10)। यदि उनमें से कुछ लोग मसीही नहीं थे, तो वे उनमें से हो सकते हैं जिनका उल्लेख आयत 42 में किया गया है कि उन्होंने उसके जी उठने के कारण ''प्रभु पर विश्वास किया।''[44]इस चुनौती पर एक भिन्नता ''मेरे साथ अंत्येष्टिप्रबंधक का काम सम्भालिए।'' है एक और भिन्नता ज़ोर देती है कि*तब* विश्वास करूंगा कि दावेदार के पास वास्तव में प्रेरिताई की शक्तियां हैं, जब ऐसा हो!''[45]''प्रेरितों के काम, भाग-1'' में 3:5 पर नोट्स देखिए।[46]वाक्यांश ''प्रभु की ओर फिरे'' (पद 35) और ''प्रभु पर विश्वास किया'' (पद 42) का एक ही अर्थ है और यह मनपरिवर्तन की प्रक्रिया को संक्षिप्त करके बताता है जिसमें कोई प्रभु में विश्वास लाता है और मन फिराने और बपतिस्मा लेने से उसकी ओर फिरता है (2:37, 38)।[47]वह समुद्र के निकट रहता होगा ताकि उसका चर्मशोध का काम नगर से कुछ दूरी पर हो या इसलिए कि समुद्र की हवाएं गंध को उड़ा दें।[48]सुझाव दिया गया है कि एक चर्मकार का निवास नगर से कम से कम पचास गज़ बाहर होता था।[49]पतरस की एक गैर-

## लेखक की ओर से नोट

यरूशलेम में मन्दिर के प्रांगण में, अन्यजातियों के आंगन से पवित्र आंगनों तक जाने वाले प्रत्येक प्रवेश द्वार पर यूनानी भाषा में बड़े अक्षरों में एक चेतावनी लिखी गई थी:

> अन्य किसी जाति का कोई व्यक्ति
> मन्दिर के आस-पास और परिसर में
> प्रवेश न करे, पकड़े जाने पर
> अपनी मृत्यु का दोषी वह स्वयं होगा।

वर्षों तक, जब कोई गैर-यहूदी अन्यजातियों के आंगन में आता, तो वह यह चेतावनी पढ़ता था। कल्पना कीजिए कि एक दिन वह आंगन में आया, तो उसने पाया कि वहां के हर बोर्ड पर यह लिखा हुआ था:

> अन्यजातियों का स्वागत है!

यदि आप उसके आश्चर्य और यहूदियों की घबराहट की कल्पना कर सकते हैं तो आप प्रेरितों के काम पर इस भाग में दिए गए अध्यायों में होने वाली बातों की प्रशंसा करने लगेंगे।

परमेश्वर की सदा से यही इच्छा थी कि अन्यजातियां उसकी अनन्त योजना का भाग बनें (यशायाह 62:2)। यीशु ने ''अन्य भेड़ें, जो इस भेड़शाला की नहीं [अर्थात, यहूदी जाति की नहीं]'' की बात की थी (यूहन्ना 10:16)। ग्रेट कमीशन में ''सब जातियों'' और ''सारी सृष्टि'' को शामिल किया गया (मत्ती 28:19; मरकुस 16:15)। फिर भी, यीशु के चेलों को यह समझाने के लिए परमेश्वर को सामर्थपूर्ण ढंग से यह दिखाना पड़ा कि मसीहियत खतनारहित लोगों को भी वैसे ही गले लगाती है जैसे खतना किए हुए लोगों को।

इस भाग में पौलुस, के मनपरिवर्तन पर दो पाठ हैं; जिसे परमेश्वर ने अन्यजातियों के लिए प्रेरित होने के लिए चुना, अन्यजातियों के प्रथम मनपरिवर्तन पर भी दो पाठ हैं। बीच में, तीन अन्य पाठ हैं जो पौलुस के मनपरिवर्तन के बाद के हैं और कुरनेलियुस तथा उसके घराने के मनपरिवर्तन से परिचित करवाते हैं। प्रेरितों के काम की पुस्तक में पवित्र आत्मा के काम पर एक अतिरिक्त पाठ भी दिया गया है।

यदि आप गैर-यहूदी हैं (हमारे 90 प्रतिशत से अधिक पाठक सम्भवत: गैर-यहूदी ही हैं), तो आनन्दित हों कि स्वर्ग के द्वार पर लगे बोर्ड पर अब लिखा है, ''अन्यजातियों का स्वागत है!''

डेविड रोपर, सहायक सम्पादक, ट्रुथ फ़ॉर टुडे